Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

Exam Date	10/02/2025
Exam Time	12:00 PM - 1:00 PM
Subject	Constable GD Examination 2025

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

Q.1 JGKH अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से LIMJ से संबंधित है। VSWT ठीक उसी प्रकार XUYV से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, WTXU दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
- ✗ 1. YWYA
- ✓ 2. YVZW
- ✗ 3. YVYW
- ✗ 4. YUYW

Q.2 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ 1. HJE
- ✗ 2. PRM
- ✗ 3. GID
- ✓ 4. DGB

Q.3 सात व्यक्ति, G, H, I, J, K, L और M, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं। (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। H और G के बीच में केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। L, G के ठीक बाईं ओर बैठा है। L और I के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। J, K के बाईं ओर किसी स्थान पर लेकिन M के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
J के बाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✓ 1. दो
- ✗ 2. तीन
- ✗ 3. चार
- ✗ 4. एक

Q.4 यदि '+' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '–' और '×' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

18 ÷ 15 + 5 × 3 − 4 = ?

Ans
- ✗ 1. 13
- ✗ 2. 5
- ✓ 3. 9
- ✗ 4. 1

Q.5 विकल्पों में दी गई उस आकृति की पहचान कीजिए जिसे प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।



Ans

✔ 1. 

✗ 2.

✗ 3.

✗ 4. 

Q.6 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर LNPR एक निश्चित तरीके से TVXZ से संबंधित है। उसी तरीके से FHJL, NPRT से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए ZBDF दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans

✗ 1. HJTY

✔ 2. HJLN

✗ 3. HJLP

✗ 4. HJSD

Q.7 उस अक्षर-संयोजन का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला के रिक्त स्थानों में क्रमिक रूप से रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_ZVRU_TPSV_NQTP_ ORN_

Ans

✗ 1. YVQKI

✗ 2. YXQLI

✗ 3. WVRKJ

✔ 4. WXRLJ

Q.8 निम्नलिखित वर्गों के बीच संबंधों को सटीक रूप से निरूपित करने वाले वेन आरेख का चयन कीजिए।

कर्मचारी, पुरुष, इंजीनियर

Ans

✔ 1. 

✘ 2. 

✘ 3. 

✘ 4. 

Q.9 यदि शब्द MODULES के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए, तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

Ans

✘ 1. दो

✘ 2. एक

✔ 3. एक का भी नहीं

✘ 4. तीन

Q.10 P, R का भाई है। R, Q का पिता है। S, Q का पति है। T, S की पुत्री है। P का T से क्या संबंध है?

Ans

✘ 1. माता का भाई

✔ 2. माता के पिता का भाई

✘ 3. माता के पिता का पिता

✘ 4. पिता का भाई

Q.11 दी गई श्रृंखला में प्रश्नचिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

80 100 122 146 172 200 ?

Ans
- ✗ 1. 246
- ✗ 2. 250
- ✗ 3. 234
- ✓ 4. 230

Q.12 एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



Ans
- ✗ 1. 
- ✗ 2. 
- ✓ 3. 
- ✗ 4. 

Q.13 P, Q, R, S, T, U और V एक वृत्ताकार मेज के चारों ओर मेज के केंद्र की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। P, R के ठीक दाएँ और Q के ठीक बाएँ बैठा है। S, U के ठीक दाएँ और T के ठीक बाएँ बैठा है। T, R के ठीक बाएँ बैठा है। Q और U के बीच में कौन बैठा है?

Ans
- ✗ 1. P
- ✓ 2. V
- ✗ 3. T
- ✗ 4. S

Q.14 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

11 14 24 41 65 ?

Ans
- ✗ 1. 97
- ✗ 2. 95
- ✗ 3. 98
- ✓ 4. 96

Q.15 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में (?) के स्थान पर क्या आएगा?

DMW, GPZ, JSC, MVF, ?

Ans
1. NZK ✗
2. MWJ ✗
3. QAL ✗
4. PYI ✓

Q.16 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी ड्राअर, रैक हैं।
कुछ रैक, कैबिनेट हैं।
सभी कैबिनेट, शेल्फ हैं।

निष्कर्ष:
(I) सभी शेल्फ, रैक हैं।
(II) कुछ शेल्फ, ड्राअर हैं।

Ans
1. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है ✗
2. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है ✓
3. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं ✗
4. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है ✗

oliveboard

Q.17 उस विकल्प आकृति का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) उसके भाग के रूप में निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।



(X)

Ans

❌ 1. 

❌ 2. 

❌ 3. 

✔ 4. 

Q.18 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'REST' को '3149' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'SEAT' को '4398' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'R को किस प्रकार कूट बद्ध किया जाएगा?

Ans

❌ 1. 9

✔ 2. 1

❌ 3. 3

❌ 4. 4

Q.19 एक निश्चित कूट भाषा में, 'TZKI' को '55' के रूप में और 'QBYA' को '34' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई भाषा में 'FWNP' के लिए कूट क्या है?

Ans

✔ 1. 48

❌ 2. 41

❌ 3. 52

❌ 4. 55

Oliveboard

Q.20 एक कागज को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर पंच किया (punched) जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?



Ans

✗ 1. 

✗ 2. 

✗ 3. 

✓ 4. 

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 किस राज्य के गंगा डेल्टा और तटीय मैदान जुलाई और अगस्त में लगभग हर तीसरे या पांचवें दिन भारी बारिश के साथ तूफान से प्रभावित होते हैं?

Ans
✗ 1. तमिलनाडु
✓ 2. ओडिशा
✗ 3. महाराष्ट्र
✗ 4. गुजरात

Q.2 निम्नलिखित में से किसने एक्शन फिल्म RRR के गीत 'नाटू नाटू' के लिए वैश्विक पहचान प्राप्त की?

Ans
✓ 1. एम.एम.केरावनी
✗ 2. के.जे. येसुदास
✗ 3. ए.आर. रहमान
✗ 4. एस.पी. बालसुब्रमण्यम

Q.3 भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 द्वारा नियामक कार्यों को करने और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कौन-सा वैधानिक प्राधिकरण स्थापित किया गया है?

Ans
✗ 1. विमान दुर्घटना जांच समिति
✗ 2. विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो
✓ 3. नागर विमानन महानिदेशालय (DGCA)
✗ 4. नागर विमानन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS)

Q.4 प्रोकैरियोटिक और यूकेरियोटिक दोनों कोशिकाओं में उपस्थित, किसी कोशिकांग से रहित, कोशिका द्रव्य का तरल भाग ___________ है।

Ans
- ✔ 1. हायलोप्लाज्म (hyaloplasm)
- ✘ 2. न्यूक्लियोप्लाज्म (nucleoplasm)
- ✘ 3. प्रोटोप्लाज्म (protoplasm)
- ✘ 4. लाइसोसोम (lysosome)

Q.5 अशोक के अभिलेखों (Edicts of Ashoka) में कितने शिलालेख शामिल हैं?

Ans
- ✔ 1. 33
- ✘ 2. 34
- ✘ 3. 25
- ✘ 4. 36

Q.6 कौन-सा/कौन-से संगठन 'संयुक्त पार्सल उत्पाद' (Joint Parcel Product - JPP) के विकास में शामिल हैं, जिसे भारत में 2022 के दौरान शुरू किया गया था?

Ans
- ✔ 1. भारतीय रेलवे और भारतीय डाक
- ✘ 2. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
- ✘ 3. विदेश मंत्रालय
- ✘ 4. इंडियन एयरलाइंस और भारतीय डाक

Q.7 आजाद हिंद फौज (भारतीय राष्ट्रीय सेना) को सुभाष चंद्र बोस ने किस देश में पुनर्गठित किया था?

Ans
- ✘ 1. बर्मा
- ✔ 2. सिंगापुर
- ✘ 3. जर्मनी
- ✘ 4. जापान

Q.8 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार भारत की जनसंख्या का घनत्व कितना था?

Ans
- ✘ 1. 460 व्यक्ति/km^2
- ✘ 2. 405 व्यक्ति/km^2
- ✔ 3. 382 व्यक्ति/km^2
- ✘ 4. 368 व्यक्ति/km^2

Q.9 जुलाई 2024 में, निम्नलिखित में से किस केंद्रीय मंत्रालय ने प्रोफेसर (डॉ.) सौम्या स्वामीनाथन को राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के लिए प्रधान सलाहकार नियुक्त किया?

Ans
- ✘ 1. केंद्रीय गृह मंत्रालय
- ✘ 2. केंद्रीय बाल देखभाल मंत्रालय
- ✘ 3. केंद्रीय आवास कल्याण मंत्रालय
- ✔ 4. केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

Q.10 भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम किस वर्ष आरंभ किया गया था?

Ans
- ✘ 1. 2007
- ✘ 2. 2009
- ✘ 3. 2006
- ✔ 4. 2008

Q.11 पाँचवीं और छठी पंचवर्षीय योजनाओं के बीच शुरू की गई चल योजना (Rolling Plan) के मुख्य उद्देश्य क्या थे?

Ans
- ✘ 1. सामाजिक न्याय एवं आर्थिक स्थिरता के साथ वृद्धि
- ✘ 2. रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन
- ✔ 3. आर्थिक संकट प्रबंधन और नीति समायोजन पर ध्यान केंद्रित करना
- ✘ 4. कृषि विस्तार एवं औद्योगिक वृद्धि

Q.12 मणिपुर के किस नृत्य और गायन रूप को 2013 में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की प्रतिनिधि सूची में अंकित किया गया था?

Ans
1. मैबी (Maibi)
2. संकीर्तन (Sankirtana) ✔
3. झांझ (Cymbal)
4. रास लीला (Ras Lila)

Q.13 भारत में धर्म की स्वतंत्रता की रक्षा भारतीय संविधान का कौन-सा अनुच्छेद करता है?

Ans
1. अनुच्छेद 28
2. अनुच्छेद 25 ✔
3. अनुच्छेद 26
4. अनुच्छेद 27

Q.14 तीरंदाजी में आंतरिक गोल्ड वलय (gold ring) को एक ही तीर से मारने पर उच्चतम कितना स्कोर मिलता है?

Ans
1. 10 ✔
2. 9
3. 5
4. 8

Q.15 1966 और 1969 के बीच 'योजना अवकाश' का प्राथमिक कारण क्या था?

Ans
1. आर्थिक उदारीकरण
2. अवस्फीति
3. तृतीय पंचवर्षीय योजना की विफलता ✔
4. राजनीतिक अस्थिरता

Q.16 निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली में अभिनय के चार पहलू 'आंगिक', 'आहार्य', 'वाचिक', 'सात्विक' और 'नृत्त', 'नृत्य' और 'नाट्य' पूर्णतः संयुक्त हैं?

Ans
1. मणिपुरी
2. भरतनाट्यम
3. कथकली ✔
4. कथक

Q.17 लौह मिश्र धातु की समान गोल आकार की दो ठोस गेंदें एक दूसरे को स्पर्श कर रही हैं। यदि गेंद की सामग्री का घनत्व $(3/2\pi) \times 10^5 (kg/m^3)$ और त्रिज्या 1 m है, तो उनके बीच गुरुत्वीय आकर्षण बल क्या होगा? $G = 6.67 \times 10^{-11} Nm^2/kg^2$

Ans
1. 66.7 N
2. 6.67 N
3. 0.667 N ✔
4. 0.0667 N

Q.18 उझावर थिरुनल (Uzhavar Thirunal) किस राज्य में मनाया जाने वाला किसानों का त्योहार है?

Ans
1. केरल
2. तमिलनाडु ✔
3. आंध्र प्रदेश
4. तेलंगाना

Q.19 भारतीय संघीय ढांचे में, किस सूची में वे विषय शामिल हैं जिन पर केंद्र और राज्य दोनों कानून बना सकते हैं?

Ans
- ✗ 1. अवशिष्ट सूची (Residual List)
- ✗ 2. राज्य सूची (State List)
- ✗ 3. संघ सूची (Union List)
- ✓ 4. समवर्ती सूची (Concurrent List)

Q.20 अल्टीमेट खो-खो लीग सीजन 2 का फाइनल मैच कहाँ खेला गया?

Ans
- ✗ 1. संबलपुर
- ✗ 2. भुवनेश्वर
- ✓ 3. कटक
- ✗ 4. राउरकेला

Section : Part-C-Elementary Mathematics

Q.1 ₹600 के एक बिल पर 25% की एकल छूट और 10% तथा 15% की दो क्रमिक छूटों के बीच का अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. ₹11
- ✗ 2. ₹1.5
- ✓ 3. ₹9
- ✗ 4. ₹10

Q.2 एक धारा की चाल 4 km/h है। एक नाव धारा के अनुकूल 20 km और धारा के प्रतिकूल 14 km की दूरी 3 घंटे में तय कर सकती है। स्थिर जल में नाव की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 6
- ✓ 2. 12
- ✗ 3. 9
- ✗ 4. 5

Q.3 (12 + 6√2) और (8 – 4√2) का माध्यानुपाती ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 3√3
- ✗ 2. 3√2
- ✗ 3. 4√2
- ✓ 4. 4√3

Q.4 एक बेईमान दुकानदार अपने सामान को क्रय मूल्य पर बेचने का दावा करता है। हालाँकि, वह एक ऐसे बाट का उपयोग करता है जिसका वजन वास्तव में उस पर लिखे वजन से 39% कम है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. $62\frac{57}{61}\%$
- ✗ 2. $65\frac{114}{61}\%$
- ✗ 3. $64\frac{58}{61}\%$
- ✓ 4. $63\frac{57}{61}\%$

Q.5 यदि x का 2% = 240 है, तो x ____ के बराबर है।

Ans
1. 24000
2. 12000 ✔
3. 12100
4. 24100

Q.6 6√3 cm त्रिज्या वाले एक अर्धगोले का आयतन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 442√3π cm^3
2. 432√3π cm^3 ✔
3. 462√3π cm^3
4. 452√3π cm^3

Q.7 अनुपात 2 : 3, 5 : 7, 3 : 4, और 5 : 9 की तुलना करें। कौन-सा सबसे छोटा है?

Ans
1. 3 : 4
2. 2 : 3
3. 5 : 9 ✔
4. 5 : 7

Q.8 33 अमरूद के पेड़, 55 केले के पेड़ और 88 माल्टा के पेड़ों को पंक्तियों में इस तरह लगाया जाना चाहिए कि प्रत्येक पंक्ति में केवल एक ही प्रकार के पेड़ों की समान संख्या हो। पंक्तियों की न्यूनतम संख्या जिसमें पेड़ लगाए जा सकते हैं, ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 18
2. 12
3. 20
4. 16 ✔

Q.9 सचिन के दो पोते चेतन और विपुल हैं। 13 वर्षीय चेतन को सचिन की संपत्ति से कुछ धनराशि मिलती है और 14 वर्षीय विपुल को बाकी धनराशि मिलती है। लेकिन चेतन और विपुल को धनराशि तभी मिलेगी जब वे 23 वर्ष के हो जाएंगे। तब तक धनराशि बैंक में जमा रहेगी और उस पर वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 8% वार्षिक दर पर ब्याज मिलेगा। जब दोनों 23 वर्ष के हो जाते हैं, तो उन्हें समान राशि मिलती है। यदि सचिन के पास कुल धनराशि ₹23400 थी, तो सचिन ने विपुल को शुरुआत में कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

Ans
1. 11250
2. 12500
3. 12150 ✔
4. 11000

Q.10 एक कार 25 मिनट में 30 km और 250 m की दूरी तय करती है। kmph में कार की चाल _____ है।

Ans
1. 72.6 ✔
2. 76.2
3. 67.2
4. 62.7

Q.11 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(12 \div 4) \times \left\{\frac{15}{5} + \frac{16}{1} \times (9 - 8)\right\}\right]$$

Ans
1. 57 ✔
2. 61
3. 44
4. 69

Q.12 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(19 \times 3) \times \left\{8 \div 2 \times \frac{(18 - 14)}{4}\right\}\right]$$

Ans
✗ 1. 226
✗ 2. 245
✗ 3. 214
✓ 4. 228

Q.13 यदि समान ब्याज दर पर, 2 वर्ष में, साधारण ब्याज ₹44 तथा चक्रवृद्धि ब्याज ₹46 है, तो मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✓ 1. 242
✗ 2. 235
✗ 3. 237
✗ 4. 246

Q.14 एक कक्षा के 57 विद्यार्थियों की औसत आयु 13 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी सम्मिलित कर ली जाए, तो संपूर्ण समूह की औसत आयु 14 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 70
✓ 2. 71
✗ 3. 72
✗ 4. 69

Q.15 प्रखर अपने घर से स्कूल 24 km/hr की चाल से जाता है तथा 36 km/hr की चाल से लौट आता है। पूरी यात्रा के लिए औसत चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 27.9 km/hr
✗ 2. 31.6 km/hr
✓ 3. 28.8 km/hr
✗ 4. 26.3 km/hr

Q.16 वार्षिक साधारण ब्याज की समान दर पर केशव ₹5400 की राशि का निवेश करता है और तुषार ₹10200 की राशि का निवेश करता है। यदि 3 वर्ष के अंत में, तुषार को केशव से ₹360 अधिक ब्याज प्राप्त होता है, तो वार्षिक ब्याज की दर (प्रतिशत में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 1.5
✓ 2. 2.5
✗ 3. 4.5
✗ 4. 3.5

Q.17 एक कैलकुलेटर का क्रय मूल्य ₹315 है। यदि लाभ प्रतिशत 20% है, तो लाभ का मान (₹ में) कितना है?

Ans
✓ 1. 63
✗ 2. 60
✗ 3. 68
✗ 4. 71

Q.18 एक जिले की जनसंख्या 360000 है, जिसमें 225000 पुरुष हैं। 35% जनसंख्या साक्षर है। यदि 17% पुरुष साक्षर हैं, तो साक्षर महिलाओं का प्रतिशत कितना होगा?

Ans
✓ 1. 65%
✗ 2. 67%
✗ 3. 63%
✗ 4. 68%

Q.19 दो संख्याओं का LCM और HCF क्रमशः 154 और 7 है। यदि उनमें से एक संख्या 77 है, तो दूसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 16
2. 14 ✓
3. 15
4. 13

Q.20 A, B और C किसी कार्य को क्रमशः 12, 20 और 15 दिनों में पूरा कर सकते हैं। A, B और C एकांतर दिनों में कार्य करते हुए वह कार्य पूरा करते हैं। C पहले दिन कार्य करता है, B दूसरे दिन कार्य करता है और A तीसरे दिन कार्य करता है और इसी तरह आगे भी कार्य किया जाता है। कार्य कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?

Ans
1. 30
2. 12
3. 24
4. 15 ✓

Section : **Part-D-English**

Q.1 In the following sentence, four words are given in bold out of which one is incorrectly spelt. Identify the INCORRECTLY spelt word.

The ridiculous pranks portrayed by the sykophants are intolerable, occasionally.

Ans
1. Portrayed
2. Occasionally
3. Sykophants ✓
4. Ridiculous

Q.2 Select the most appropriate option to fill in the blank.

Her ________________ attitude towards her colleagues made her a beloved team member.

Ans
1. apathetic
2. cordial ✓
3. indifferent
4. belligerent

Q.3 The following sentence has been divided into parts. One of them contains an error. Select the part that contains the error from the given options.

The project was delayed/because of unforeseen issues;/consequency, we had/to adjust our timeline./

Ans
1. because of unforeseen issues;
2. consequency, we had ✓
3. to adjust our timeline
4. The project was delayed

Q.4 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans
1. Suspeciously ✓
2. Stealthily
3. Wearily
4. Recklessly

Q.5 **Parts of the following sentence have been given as options. Select the option that contains an adverb-usage error.**

Benjamin and Lucas gently volunteered for the disaster management task.

Ans
✗ 1. Benjamin and Lucas
✗ 2. disaster management task.
✓ 3. gently volunteered
✗ 4. for the

Q.6 **Select the most appropriate option to fill in the blank and make the sentence meaningful.**

Don't try to divert me _______ my principles.

Ans
✗ 1. on
✓ 2. from
✗ 3. about
✗ 4. for

Q.7 **Select the word from among the given options that is closest in meaning to the underlined word in the given sentence.**

Ashok tried to justify his late arrival by sharing about the traffic jam he encountered on the way.

Ans
✓ 1. Explain
✗ 2. Intensify
✗ 3. Hesitate
✗ 4. Mention

Q.8 **Select the most appropriate meaning of the underlined idiom.**
You hit the nail on the head with this colour of wallpaper for the living room; it looks better than I expected.

Ans
✗ 1. Analyse and understand the situation
✓ 2. Identify something exactly right
✗ 3. Hit the wall
✗ 4. Hit the floor

Q.9 **Select the most appropriate meaning of the underlined word.**

The conductor directed the orchestra with precision and grace.

Ans
✓ 1. Elegance and smoothness of movement
✗ 2. A style of music
✗ 3. A type of flower
✗ 4. A prayer before a meal

Q.10 **Fill in the blank with the most appropriate collocation.**

We reached a ______ conclusion after discussing the matter.

Ans
✗ 1. heavy
✗ 2. big
✓ 3. clear
✗ 4. quick

Q.11 **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**

Quick-witted

Ans
- ✗ 1. Kind
- ✗ 2. Brave
- ✓ 3. Foolish
- ✗ 4. Patient

Q.12 **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

She is known for her ______ spirit, always helping others in need.

Ans
- ✗ 1. mean
- ✗ 2. greedy
- ✓ 3. generous
- ✗ 4. selfish

Q.13 **Select the most appropriate option that can substitute the highlighted word segment in the given sentence. If the sentence is grammatically correct, select 'No correction'.**

She is attending the conference yesterday.

Ans
- ✗ 1. was attending
- ✗ 2. No correction
- ✓ 3. attended
- ✗ 4. has attended

Q.14 **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word.**

The <u>camouflage</u> look of army tanks saves them from enemy attack.

Ans
- ✗ 1. Disguised
- ✗ 2. Obscure
- ✗ 3. Veiled
- ✓ 4. Exhibit

Q.15 **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

His strict adherence to the schedule was remarkable, displaying an extraordinary level of <u>rigidity.</u>

Ans
- ✗ 1. Consistency
- ✓ 2. Flexibility
- ✗ 3. Uniformity
- ✗ 4. Complexity

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Scholars have long noted that International Monetary Fund (IMF) restructuring programmes (1) ________ winners and losers, but always in (2) ________ to different sectors of the economy. For example, the fact that programmes (3) ________ to strengthen exports has been shown to favour farmers and business owners over urban middle class state employees like civil servants. The problem with purely (4) ________ sectors is highlighted when you look at citizens' experiences. One (5) ________ of the survey data, covering nine countries in Africa, showed that three out of ten civil servants actually thought IMF reforms made their lives better.

SubQuestion No : 16

Q.16 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

Ans

✗ 1. calibrate

✓ 2. create

✗ 3. celibate

✗ 4. calculate

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Scholars have long noted that International Monetary Fund (IMF) restructuring programmes (1) ________ winners and losers, but always in (2) ________ to different sectors of the economy. For example, the fact that programmes (3) ________ to strengthen exports has been shown to favour farmers and business owners over urban middle class state employees like civil servants. The problem with purely (4) ________ sectors is highlighted when you look at citizens' experiences. One (5) ________ of the survey data, covering nine countries in Africa, showed that three out of ten civil servants actually thought IMF reforms made their lives better.

SubQuestion No : 17

Q.17 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

Ans

✗ 1. narration

✓ 2. relation

✗ 3. objection

✗ 4. anticipation

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Scholars have long noted that International Monetary Fund (IMF) restructuring programmes (1) ________ winners and losers, but always in (2) ________ to different sectors of the economy. For example, the fact that programmes (3) ________ to strengthen exports has been shown to favour farmers and business owners over urban middle class state employees like civil servants. The problem with purely (4) ________ sectors is highlighted when you look at citizens' experiences. One (5) ________ of the survey data, covering nine countries in Africa, showed that three out of ten civil servants actually thought IMF reforms made their lives better.

SubQuestion No : 18

Q.18 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

Ans

✗ 1. separate

✗ 2. negate

✗ 3. integrate

✓ 4. attempt

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Scholars have long noted that International Monetary Fund (IMF) restructuring programmes (1) ________ winners and losers, but always in (2) ________ to different sectors of the economy. For example, the fact that programmes (3) ________ to strengthen exports has been shown to favour farmers and business owners over urban middle class state employees like civil servants. The problem with purely (4) ________ sectors is highlighted when you look at citizens' experiences. One (5) ________ of the survey data, covering nine countries in Africa, showed that three out of ten civil servants actually thought IMF reforms made their lives better.

SubQuestion No : 19

Q.19 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

Ans

✗ 1. compelling

✓ 2. comparing

✗ 3. compiling

✗ 4. compering

Comprehension:

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Scholars have long noted that International Monetary Fund (IMF) restructuring programmes (1) ________ winners and losers, but always in (2) ________ to different sectors of the economy. For example, the fact that programmes (3) ________ to strengthen exports has been shown to favour farmers and business owners over urban middle class state employees like civil servants. The problem with purely (4) ________ sectors is highlighted when you look at citizens' experiences. One (5) ________ of the survey data, covering nine countries in Africa, showed that three out of ten civil servants actually thought IMF reforms made their lives better.

SubQuestion No : 20

Q.20 **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

Ans

✗ 1. ligament

✓ 2. segment

✗ 3. fragment

✗ 4. payment

Section : **Part-D-Hindi**

Q.1 <u>सत्य</u> से बढ़कर कुछ नहीं है।

रेखांकित शब्द के उचित विलोम शब्द का चयन कीजिए।

Ans

✗ 1. झूठा

✗ 2. धोखा

✓ 3. मिथ्या

✗ 4. सच

Q.2 निम्नलिखित वाक्यांश को एक सार्थक शब्द से प्रतिस्थापित कीजिए-
'प्राचीनकाल से सम्बद्ध शास्त्र या ज्ञान'

Ans

✗ 1. सर्वकालिक

✗ 2. ऐतिहासिक

✗ 3. कालजयी

✓ 4. पुरातत्त्व

Q.3 'अभ्यागत' पर्याय है-

Ans

✗ 1. शरणागत का

✗ 2. अकिंचन का

✗ 3. आतिथ्य का

✓ 4. अतिथि का

Q.4 निम्नलिखित वाक्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और इसके लिए सार्थक शब्द का चयन करें।
जो बीत गया हो।

Ans

✗ 1. नवीन

✗ 2. नूतन

✓ 3. अतीत

✗ 4. पुरातन

Q.5	निम्नलिखित विकल्पों में से कौन सा एक विलोम युग्म सही नहीं है?
Ans	✗ 1. खरीद-बिक्री ✓ 2. खरीद-आगत ✗ 3. गौण-मुख्य ✗ 4. गरल-सुधा

Q.6	इस बार व्यापार में <u>मुनाफ़ा</u> हुआ है। रेखांकित शब्द के विलोम शब्द का चयन कीजिए।
Ans	✗ 1. तरक्की ✗ 2. हलका ✗ 3. खत्म ✓ 4. घाटा

Q.7	वाल्मीकि कृत रामायण संस्कृत में है।' उपरोक्त अशुद्ध वाक्य के शुद्ध रूप का चयन करें-
Ans	✗ 1. वाल्मीकि क्रीत रामायण संस्कृत में है| ✗ 2. वाल्मीकि कृति रामायण संस्कृत में है| ✓ 3. वाल्मीकि कृत रामायण संस्कृत में है| ✗ 4. वाल्मीकि कृत रमायण संस्कृत में है|

Q.8	निम्न में से किस वाक्य में कारक चिह्न का अशुद्ध प्रयोग हुआ है?
Ans	✗ 1. उसने कहा था कि उसने चोरी नहीं की। ✗ 2. रोगी ने पानी माँगा , मगर नर्स ने अनसुना कर दिया। ✗ 3. सच-सच बताओ, तुमने उसे किस बात पर पीटा। ✓ 4. उस दिन पिताजी से मुझसे पूछा ही नहीं।

Q.9	निम्नलिखित वाक्य के अशुद्ध भाग का चयन करें– 'संविधान के अनुसार संघ की राजभाषा हिन्दी और लिपी देवनागरी है।'
Ans	✗ 1. संविधान के अनुसार ✗ 2. संघ की राजभाषा ✗ 3. देवनागरी है ✓ 4. हिन्दी और लिपी

Q.10	संज्ञा के अनुसार दिये गए वाक्य में त्रुटियाँ पहचाने और वाक्य शुद्ध करें तथा उत्तर के रूप में सही विकल्प चुनें। एक लड़का दौड़ते हैं।
Ans	✗ 1. एक लड़का दौड़ते है। ✓ 2. एक लड़का दौड़ता है। ✗ 3. एक लड़का सिर्फ दौड़ते ही हैं। ✗ 4. एक लड़का दौड़ते ही रहता है।

Q.11	निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- इस समय महेश की <u>ग्यारह साल अवस्था की</u> है।
Ans	✗ 1. ग्यारह अवस्था ✓ 2. अवस्था ग्यारह साल की ✗ 3. ग्यारह की साल अवस्था ✗ 4. अवस्था साल ग्यारह की

Q.12 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए -
अच्छा लिखने वाला

Ans
1. लेखक
2. सुलेखक ✓
3. साहित्यकार
4. कुलेखक

Q.13 'नंदिनी को _______ बहुत पसंद है|' रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए विदेशज शब्द होगा -

Ans
1. किशमिश ✓
2. सत्तू
3. खीर
4. आम

Q.14 'आसमान टूट पड़ना' मुहावरे का सही अर्थ इनमें से क्या होगा?

Ans
1. अत्यधिक खुसी आना
2. अत्यधिक संकट आना ✓
3. आसमान गिर जाना
4. आसमान ऊपर जाना

Q.15 'मेरे ________ में दर्द हो रहा था ।' रिक्त स्थान की पूर्ति तत्सम शब्द द्वारा कीजिए।

Ans
1. कान
2. कुण्डल
3. कर्णक
4. कर्ण ✓

Comprehension:

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
राष्ट्र भाषा का प्रश्न हिन्दी भाषा भाषियों के लिये एक _________भरा प्रश्न है। हिन्दुस्तानी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की बात करना अव्यावहारिक और तर्क हीन है। और इस भ्रांति के कारण कि हिन्दी _________ है और वह सहज प्रयोग से दूर है, हिन्दुस्तानी को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने लिखा है कि "हिन्दी व उर्दू के मिश्रण से एक खिचड़ी भाषा विकसित करने का प्रयत्न भी किया जा रहा है और यह कहा जाता है कि इसमें संस्कृत या फारसी-अरबी के लिये कोई _________ नहीं किया जायेगा। साधारण अर्थ में हिन्दुस्तानी उत्तर के _________ लोगों के दैनिक व्यवहार की बोली है। जो इसके लिए राष्ट्रभाषा का दावा करते हैं। उनके लिये यह भाषा नहीं है, यह एयक वृत्ति है, शैली का एक भिन्न रूप। सर्वसाधारण द्वारा _________ से समझे जाने वाले हिन्दी शब्दों के प्रयोग के बदले हिन्दी के शब्दकोष को फारसी द्वारा प्रभावित करने का प्रयत्न इसमें स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।"

SubQuestion No : 16

Q.16 रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।
राष्ट्रभाषा का प्रश्न हिन्दी भाषा भाषियों के लिए एक ___________ भरा प्रश्न है।

Ans
1. कठिनता
2. आसानी
3. चुनौती ✓
4. सहजता

Comprehension:

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
राष्ट्र भाषा का प्रश्न हिन्दी भाषा भाषियों के लिये एक _________भरा प्रश्न है। हिन्दुस्तानी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की बात करना अव्यावहारिक और तर्क हीन है। और इस भ्रांति के कारण कि हिन्दी _________ है और वह सहज प्रयोग से दूर है, हिन्दुस्तानी को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने लिखा है कि "हिन्दी व उर्दू के मिश्रण से एक खिचड़ी भाषा विकसित करने का प्रयत्न भी किया जा रहा है और यह कहा जाता है कि इसमें संस्कृत या फारसी-अरबी के लिये कोई _________ नहीं किया जायेगा। साधारण अर्थ में हिन्दुस्तानी उत्तर के _________ लोगों के दैनिक व्यवहार की बोली है। जो इसके लिए राष्ट्रभाषा का दावा करते हैं। उनके लिये यह भाषा नहीं है, यह एयक वृत्ति है, शैली का एक भिन्न रूप। सर्वसाधारण द्वारा _________ से समझे जाने वाले हिन्दी शब्दों के प्रयोग के बदले हिन्दी के शब्दकोष को फारसी द्वारा प्रभावित करने का प्रयत्न इसमें स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।"

SubQuestion No : 17

Q.17 **रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।**
और इस भ्रांति के कारण कि हिन्दी _________ है और वह सहज प्रयोग से दूर है, हिन्दुस्तानी को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

Ans
- ✗ 1. क्लिष्ट
- ✗ 2. उर्दू-मिश्रित
- ✔ 3. संस्कृतनिष्ठ
- ✗ 4. तत्सम प्रधान

Comprehension:

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
राष्ट्र भाषा का प्रश्न हिन्दी भाषा भाषियों के लिये एक _________भरा प्रश्न है। हिन्दुस्तानी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की बात करना अव्यावहारिक और तर्क हीन है। और इस भ्रांति के कारण कि हिन्दी _________ है और वह सहज प्रयोग से दूर है, हिन्दुस्तानी को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने लिखा है कि "हिन्दी व उर्दू के मिश्रण से एक खिचड़ी भाषा विकसित करने का प्रयत्न भी किया जा रहा है और यह कहा जाता है कि इसमें संस्कृत या फारसी-अरबी के लिये कोई _________ नहीं किया जायेगा। साधारण अर्थ में हिन्दुस्तानी उत्तर के _________ लोगों के दैनिक व्यवहार की बोली है। जो इसके लिए राष्ट्रभाषा का दावा करते हैं। उनके लिये यह भाषा नहीं है, यह एयक वृत्ति है, शैली का एक भिन्न रूप। सर्वसाधारण द्वारा _________ से समझे जाने वाले हिन्दी शब्दों के प्रयोग के बदले हिन्दी के शब्दकोष को फारसी द्वारा प्रभावित करने का प्रयत्न इसमें स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।"

SubQuestion No : 18

Q.18 **रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।**
श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने लिखा है कि "हिन्दी व उर्दू के मिश्रण से एक खिचड़ी भाषा विकसित करने का प्रयत्न किया जा रहा है और यह कहा जाता है कि इसमें संस्कृत या फारसी अरबी के लिए कोई _________ नहीं किया जाएगा।

Ans
- ✔ 1. पक्षपात
- ✗ 2. हिफाजत
- ✗ 3. आघात
- ✗ 4. शुरूआत

Comprehension:

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।
राष्ट्र भाषा का प्रश्न हिन्दी भाषा भाषियों के लिये एक _________भरा प्रश्न है। हिन्दुस्तानी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की बात करना अव्यावहारिक और तर्क हीन है। और इस भ्रांति के कारण कि हिन्दी _________ है और वह सहज प्रयोग से दूर है, हिन्दुस्तानी को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने लिखा है कि "हिन्दी व उर्दू के मिश्रण से एक खिचड़ी भाषा विकसित करने का प्रयत्न भी किया जा रहा है और यह कहा जाता है कि इसमें संस्कृत या फारसी-अरबी के लिये कोई _________ नहीं किया जायेगा। साधारण अर्थ में हिन्दुस्तानी उत्तर के _________ लोगों के दैनिक व्यवहार की बोली है। जो इसके लिए राष्ट्रभाषा का दावा करते हैं। उनके लिये यह भाषा नहीं है, यह एयक वृत्ति है, शैली का एक भिन्न रूप। सर्वसाधारण द्वारा _________ से समझे जाने वाले हिन्दी शब्दों के प्रयोग के बदले हिन्दी के शब्दकोष को फारसी द्वारा प्रभावित करने का प्रयत्न इसमें स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।"

SubQuestion No : 19

Q.19 **रिक्त स्थान पर सही शब्द विकल्प का चयन करें।**
साधारण अर्थ में हिन्दुस्तानी उत्तर के ________ लोगों के दैनिक व्यवहार की बोली है।

Ans
- ✗ 1. असभ्य
- ✗ 2. सभ्य
- ✔ 3. अशिक्षित
- ✗ 4. शिक्षित

Comprehension:

गद्यांश के आधार पर प्रश्न का उत्तर दें।

राष्ट्र भाषा का प्रश्न हिन्दी भाषा भाषियों के लिये एक _________भरा प्रश्न है। हिन्दुस्तानी को राष्ट्रभाषा का दर्जा देने की बात करना अव्यावहारिक और तर्क हीन है। और इस भ्रांति के कारण कि हिन्दी _________ है और वह सहज प्रयोग से दूर है, हिन्दुस्तानी को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। श्री कन्हैयालाल माणिकलाल मुंशी ने लिखा है कि "हिन्दी व उर्दू के मिश्रण से एक खिचड़ी भाषा विकसित करने का प्रयत्न भी किया जा रहा है और यह कहा जाता है कि इसमें संस्कृत या फारसी-अरबी के लिये कोई _________ नहीं किया जायेगा। साधारण अर्थ में हिन्दुस्तानी उत्तर के _________ लोगों के दैनिक व्यवहार की बोली है। जो इसके लिए राष्ट्रभाषा का दावा करते हैं। उनके लिये यह भाषा नहीं है, यह एयक वृत्ति है, शैली का एक भिन्न रूप। सर्वसाधारण द्वारा _________ से समझे जाने वाले हिन्दी शब्दों के प्रयोग के बदले हिन्दी के शब्दकोष को फारसी द्वारा प्रभावित करने का प्रयत्न इसमें स्पष्ट रूप से दृष्टिगोचर होता है।"

SubQuestion No : 20

Q.20

Ans

✗ 1. कठिनाई

✓ 2. सरलता

✗ 3. मुश्किल

✗ 4. प्रयास